# अमृत विचार

| बरेली महानगर |

बरेली , बुधवार,17 दिसंबर 2025

PAGE NO IV : TOP


श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बिहार ट्राफी का मैच सुबह 9 बजे से।

# खराब रोशनी के कारण पहले दिन सिर्फ 17 ओवर का खेल

## कूच बिहार ट्रॉफीः एसआरएमएस क्रिकेट मैदान में कोहरे के चलते दोपहर तक मैच नहीं हो पाया शुरू, चाय के समय 2:40 बजे हुआ टॉस


कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को कूच बिहार ट्रॉफी अंडर-19 में यूपी और बंगाल के मैच पर कोहरे का बड़ा असर पड़ा। खराब रोशनी की वजह से छह घंटे की देरी से चाय के समय 2:40 बजे टॉस हो सका और फिर 17 ओवर के बाद ही मैच रोक दिया गया।

मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीआईजी अजय कुमार साहनी ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय हासिल कर किया और शुभकामनाएं दीं। दोपहर को कोहरा हटने पर मैच रेफरी प्रकाश भट्ट ने अंपायर पाराशर जोशी और आर राजेश कैनन से सलाह करके मैच आरंभ करने का फैसला किया। दोनों टीमों के कप्तान 2 बजकर 40 मिनट पर मैदान में टॉस के लिए पहुंचे। यूपी के कप्तान भव्य गोयल ने टॉस जीतकर बंगाल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बंगाल के खिलाड़ियों ने संभल कर खेलना शुरू किया, लेकिन सातवें ओवर में यूपी के गेंदबाज यश पंवार ने बंगाल को 26 रनों के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज आत्मजा मंडल को रवि सैनी के हाथों कैच आउट करवाकर पहला झटका दिया। इसके बाद बंगाल के कप्तान चंद्रहास दास बल्लेबाजी के लिए आये, लेकिन बंगाल के 62 रन के स्कोर पर कप्तान चंद्रहास 27 रन बनाकर आउट हो गए। चंद्रहास को रवि सैनी ने 13 वें ओवर में अनमोल के हाथ कैच करवाया। स्कोर में अभी 22 रन ही जुडे थे कि 17 वें ओवर में 84 रन पर बंगाल के तीसरे विकेट के रूप में आशुतोष कुमार 9 रन बनाकर रन आउट हुए।17 ओवर के बाद बंगाल के खिलाड़ियों ने खराब रोशनी के लिए मैच रेफरी प्रकाश भट्ट से अपील की। मैच को कुछ देर रोकने के बाद पहले दिन के खेल समाप्त होने की घोषणा कर दी। बंगाल के लिए आदित्य राय 35 रन पर और अभिप्राय बिस्वास 4 रन बनाकर खेल रहे हैं।



कूच बिहार ट्रॉफी के तहत एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में भिड़तीं यूपी और बंगाल की टीमें।



शॉट मारता बंगाल का खिलाड़ी।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते डीआईजी अजय कुमार साहनी। • अमृत विचार

### बरेली के दक्ष चंदेल को नहीं मिली अंतिम एकादश में जगह

यूपी की टीम में बरेली का दक्ष चंदेल का चयन हुआ था। दक्ष का एसआरएमएस होम ग्राउंड भी है, लेकिन बरेली में हो रहे बंगाल के खिलाफ यूपी की टीम में दक्ष चंदेल को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। दक्ष चंदेल बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी करते हैं।

### बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना सम्मानित

डीआईजी अजय कुमार साहनी, देव मूर्ति और आदित्य मूर्ति ने बरेली में क्रिकेट खिलाड़ियों को निखारने और क्रिकेट को बढ़ाने में योगदान के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना को अंग वस्त्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। वर्ष 1965-66 में बरेली कॉलेज की क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने वाले सीताराम सक्सेना ने एसबीआई से मैनेजर पद से सेवानिवृत्त के बाद क्रिकेट में खिलाड़ियों के लिए काम करना आरंभ किया। वर्ष 1998 में उन्हें बरेली क्रिकेट एसोसिएशन का कोषाध्यक्ष बनाया गया और 2010 में उन्हें सेक्रेटरी की जिम्मेदारी दी गई।

### डे-नाइट मैच के आयोजन की तैयारी: देवमूर्ति

मुख्य अतिथि डीआईजी अजय कुमार साहनी ने मैच आयोजन के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन और एसआरएमएस ट्रस्ट का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब हम लखनऊ से निकलते हैं तो नोएडा के बीच एसआरएमएस का स्टेडियम अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है। यहां खिलाड़ियों को निखारने के लिए अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हैं। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति ने कूच बिहार ट्रॉफी के तीसरे मैच के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि एसआरएमएस स्टेडियम में डे-नाइट मैच आयोजन की तैयारियां तेजी से हो रही हैं। नए वर्ष पर अगले महीने स्टेडियम डे-नाइट मैच के आयोजन लिए तैयार हो जाएगा। उद्घाटन समारोह का संचालन डॉ. अनुज कुमार और डॉ. आशीष कुमार ने किया। इस अवसर पर बीसीए के संरक्षक एवं एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्टी ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. निर्मल यादव, आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल, डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. आरके सिंह, आईडीए अध्यक्ष डॉ. राहुल बोरा, डॉ. योगेश प्रसाद, विभोर गोयल, सुबोध अग्रवाल, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. जसप्रीत कौर, डॉ. मृदु माहेश्वरी, डॉ. शैलेश सक्सेना, बीसीए अध्यक्ष सरफराज वली खां, बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली, ट्रेजरर शहजाद अली, ज्वाइंट सेक्रेटरी राहुल कपूर, चंचल उपाध्याय, आदर्श तिवारी, राकेश शर्मा, मनीष सिंह, चीफ क्यूरेटर शिव कुमार, क्यूरेटर युसुफ अंसारी, डा. नितिन सक्सेना, अनुज शर्मा, शंकरपाल और मैच ऑर्गनाइजिंग कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।